दैनिक प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 73 मुरादाबाद 08 July 2022 (Friday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## आयुर्वेद पर बोले PM नरेंद्र मोदी- भावनाओं से नहीं चलती दुनिया, रिजल्ट के साथ सबूत भी चाहिए




पीएम नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में राष्ट्रीय शिक्षा समागम को संबोधित करते हुए कहा कि आज की दुनिया परिणाम के साथ ही प्रमाण भी मांगती है। हमें अपनी शिक्षा व्यवस्था को इस लिहाज से तैयार करना होगा कि दुनिया में हमारी चीजों को स्वीकार करे और उसका लोहा माने। खासतौर पर आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने यह बात कही। उन्होंने कहा, %यदि हम आयुर्वेद की बात करें तो हम भले ही उसमें आगे हैं और उससे परिणाम भी मिलते हैं, लेकिन प्रमाण नहीं मिलते हैं। हमारे पास डेटा बेस होना चाहिए। हम भावनाओं के आधार पर दुनिया नहीं बदल सकते। यही वजह है कि परिणाम के साथ ही प्रमाण की भी जरूरत है।% उन्होंने कहा कि इसलिए यूनिवर्सिटीज को इस पर काम करना चाहिए कि परिणाम हैं तो फिर प्रमाण भी तलाशे जाएं। समृद्ध देश भी इस बात को लेकर परेशान हैं कि उनकी आबादी में बड़ा हिस्सा बुजुर्गों का है। आज हमारा देश युवा है और कभी ऐसा ही दौर यहां भी आ सकता है। क्या दुनिया में अभी से कोई है, जो इस पर काम कर रहा है। इस पर हमें सोचना चाहिए। यही भविष्य की सोच है और यह फ्यूचर रेडी विचार ही अच्छी शिक्षा की नींव हैं। पीएम मोदी ने कहा कि यदि हम इस पैटर्न पर काम करें तो फिर मुझे यकीन है कि आने वाले दौर में वैश्विक शिक्षा केंद्र के तौर पर उभर सकता है। इसके लिए हमें अपने एजुकेशन सिस्टम को इंटरनेशनल स्टैंडर्ड के मुताबिक तैयार करना होगा।

### पीएम बोले- हमें फ्यूचर रेडी रहना होगा, तभी काम आएगी पढ़ाई

अपने संसदीय क्षेत्र पहुंचे पीएम मोदी ने कहा कि भारत में जिन चीजों की कल्पना भी नहीं की जाती थी, वह काम हमने किए हैं। आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। देश की रफ्तार जब ऐसी हो तो फिर हमें युवाओं को भी खुली उड़ान के लिए ऊर्जा से भरना होगा। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में बच्चों को उनकी प्रतिभा और स्किल के आधार पर तैयार करने पर जोर है। देश में तेजी से आ रहे परिवर्तन के बीच शिक्षा व्यवस्था और उससे जुड़े लोगों की भूमिका अहम है। यूनिवर्सिटी के छात्रों को सोचना होगा कि क्या हम फ्यूचर रेडी हैं। विश्वविद्यालयों में यह जानना जरूरी है कि दुनिया में क्या हो रहा है।

### अध्यापक का बच्चे सर नहीं खाते बल्कि सर जवाब नहीं दे पाते

आपको वर्तमान को संभालना है, लेकिन भविष्य के लिहाज से भी सोचना होगा। उन्होंने कहा कि कई बार बच्चे सवाल पूछते हैं तो अध्यापक कहते हैं कि क्या सर खा रहा है, असल में वह सर नहीं खाता है बल्कि सर जवाब नहीं दे पा रहा है। आज बच्चे गूगल के साथ बहुत जानकारी रखने लगे हैं। भविष्य में जब बच्चे यूनिवर्सिटी में जाएंगे तो हमें उनके सवालों के जवाबों के लिए तैयार करना होगा। इसलिए जरूरी है कि हम भविष्य को जानें और खुद को विकसित करें। कुछ दिन पहले गांधीनगर में एग्जिबिशन देखने गया था, वहां बच्चों ने जो प्रोजेक्ट तैयार किए थे, उनसे मैं प्रभावित हुआ।

## शिक्षा समागम में बोले पीएम मोदी- नई शिक्षा नीति देगी नई दिशा, वाराणसी हमेशा से ज्ञान का केंद्र रहा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी के बाबतपुर एयरपोर्ट पर पहुंच गए हैं। पीएम मोदी का सीएम योगी ने स्वागत किया। यहां से पीएम मोदी अर्दली बाजार स्थित एलटी कालेज परिसर पहुंचे और अक्षय पात्र किचन का उद्घाटन किया। अब पीएम मोदी रुद्राक्ष कंवेंशन सेंटर पहुंचे हैं। पीएम मोदी शिक्षा समागम को संबोधित कर रहे हैं बच्चों ने प्रधानमंत्री को मंत्रोच्चारण सुनाया और योग करके दिखाया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में बच्चों के साथ बातचीत की। इस दौरान बच्चों ने प्रधानमंत्री को मंत्रोच्चारण सुनाया और योग करके दिखाया।

## इकबाल अंसारी का बयान- देवी-देवताओं का अपमान करने वाले को चौराहे पर दी जाए फांसी



डॉक्यूमेंट्री हिंदी फिल्म काली को लेकर विरोध के स्वर लगातार मुखर हो रहे हैं। साधु संतो सहित हिंदू संगठनों ने इस फिल्म पर आपत्ति तो जताई ही है। वहीं अयोध्या के मुस्लिम समुदाय से जुड़े लोगों ने भी ऐसे कृत्य को शर्मनाक बताया है। उनका कहना है कि हिन्दू हो या मुस्लिम समाज किसी भी धर्म के प्रति इस प्रकार के कृत्य स्वीकार नहीं होंगे और सरकार से कार्रवाई की मांग की है। बाबरी के पूर्व पक्षकार इकबाल अंसारी ने ऐसे लोगों को चौराहे पर फांसी देने की मांग की है। इकबाल अंसारी ने कहा कि सवाल हमारे देश का है और देश में देवी देवताओं को सिगरेट पीते हुए दिखाया गया। उस जमाने में सिगरेट थी भी नहीं जो आज दिखाया जा रहा है। काली जी पूजनीय हैं। इस तरीके से धार्मिक भावनाओं को जो लोग ठेस पहुंचा रहे हैं। ऐसे लोगों पर सरकार कड़ी से कड़ी करवाई करें। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि देवी-देवताओं पर टिप्पणी न की जाए न ही गलत रूप में दिखाया जाए। हम मुसलमान हैं लेकिन हिंदू देवी-देवताओं का सम्मान करते हैं। कहा कि जिस तरीके से काली जी को सिगरेट पीते हुए दिखाया गया है। हमारा संत समाज और हिंदू मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग यह मांग करते हैं कि सरकार के पास जो सजा हो चाहे व फांसी हो या उम्रकैद उनको दिया जाए या ऐसी सजा दी जाए जिससे लोग किसी भी धर्म को लेकर टिप्पणी ना कर सकें। अंसारी ने कहा कि सरकार के पास फांसी और सिर काटने की भी सजा है। वहीं, कट्टर पंथियों के निशाने पर रहने वाले राम मंदिर समर्थक बबलू खान ने भी काली फ़िल्म के पोस्टर पर सवाल उठाया। कहा सभी धर्म के देवी-देवताओं का सम्मान करना हमारा फर्ज है। किसी भी धर्म के देवी-देवता का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। काली फिल्म का पोस्टर देखकर यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि सुनियोजित तरीके से यह फिल्म बनाई जा रही है ताकि देश का माहौल खराब हो। सरकार को इस फिल्म पर बैन लगाते हुए फिल्म के निर्माता निर्देशक को कठोर से कठोर सजा देनी चाहिए।

## काशी के नमो घाट पर लड़की और महिला सुरक्षा गार्ड में जमकर मारपीट



वाराणसी में नमो घाट पर एक युवती व महिला सुरक्षा गार्ड के बीच मारपीट का वीडियो वायरल हो रहा है। ये वीडियो बुधवार शाम का है। वीडियो में एक युवती और महिला सुरक्षा गार्ड के बीच झगड़ा और मारपीट का दृश्य है। 56 सेकेंड के इस वीडियो में सुरक्षा गार्ड मारपीट रोकने के बजाए तमाशा देखते नजर आ रहे हैं।युवती एक युवक के साथ आई थी और मारपीट के दौरान युवक युवती को उठाने की कोशिश कर रहा है। लेकिन स्मार्ट सिटी के सुरक्षा गार्ड अपनी महिला साथी को मारपीट के लिए उकसा रहे हैं। स्मार्ट सिटी के सीजीएम डॉ. डी वासुदेवन ने कहा कि इस मामले में पूछताछ की जाएगी। सुरक्षा गार्डों को नागरिकों के साथ मारपीट नहीं करनी चाहिए।

# कमर्शियल रोड करके व्यापारियों के लिए व्यापारी कॉम्प्लेक्स ऑफिस वाह बैंकट हॉल बनाए जाएं

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के कार्यालय में उपाध्यक्ष श्री मधुसूदन द्वारा मुरादाबाद महत्वकांक्षी परियोजना के अंतर्गत विकास प्राधिकरण द्वारा सोनकपुर योजना के अंतर्गत समीर मुख्य मार्ग पर एक ऑडिटोरियम कन्वेंशन सेंटर का निर्माण के संबंध में संयुक्त व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष नीरज मित्तल एवं अखिल भारतीय संयुक्त व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष मौ0अय्यूब सैफी ने अपने अपने सुझाव रखते हुए कहा की कमर्शियल रोड करके व्यापारियों के लिए व्यापारी कॉम्प्लेक्स ऑफिस वाह बैंकट हॉल बनाए जाएं साथ ही बैंकट हॉल के पार्किंग एवं बैंकट हॉल के साथ-साथ रुकने के हिसाब से कमरे बनाए जाएं ताकि व्यापारी गतिविधि जारी हो और विभाग को भी आय का स्त्रोत बने साथ ही आगे उन्होंने कहा की व्यापारी कॉम्प्लेक्स का निर्माण हो वहीं दुकान की एक तरफ मुख्य सड़कों के पास निर्माण कराया जाए वही इस बैठक में मुख्य रूप से अखिल भारतीय संयुक्त व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष मोहम्मद अय्यूब सैफी गिरीश बंडूरा ,अरविंद अग्रवाल, मंडल नीरज मित्तल, अतुल जोहरी आदि लोग मौजूद रहे

# मांस का गंदा पानी श्मशान भूमि में डालें जाने को लेकर नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली-करणी सेना जिला अध्यक्ष ठाकुर राहुल सिंह ने बताया कि संजय नगर तिराहे पर एक बिरयानी की दुकान है जहां पर बिरयानी की दुकान वाला चिकन का गंदा पानी श्मशान भूमि में पाइप के द्वारा छोड़ देता है और रास्ते में रोड के किनारे फेंक देता है शमशान जहां जिसको पवित्र स्थान माना जाता है खासतौर सनातन धर्म में जहां मीट का गंदा पानी छोड़ना धार्मिक भावनाओं को आहत करता है जहां मीट का का पानी फेंका जाता है वहां बहुत गंदी बदबू आती है जिससे आम जनता को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जिसको लेकर आज करणी सेना के जिला अध्यक्ष ठाकुर राहुल सिंह ने नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा साथ ही नगर आयुक्त ने कार्यवाही का दिया आश्वासन ज्ञापन देने वालों में प्रशांत सिंह, नवीन सक्सेना, छोटू सोनू रिंकू राहुल गुप्ता आदि लोग रहे उपस्थित

# पत्रकार को सोशल मीडिया पर बधाई संदेश डालने पर अज्ञात लोगों ने जान से मारने की धमकी दी

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद - मुरादाबाद में एआईएमआईएम के नेता द्वारा भारतीय मूल की पत्रकार को सोशल मीडिया पर बधाई संदेश डालने पर अज्ञात लोगों ने जान से मारने की धमकी दी है पीड़ित नेता ने मुरादाबाद पुलिस को शिकायती पत्र सौप कर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है एआईएमआईएम ( ओवैसी ) के मुरादाबाद महानगर अध्यक्ष वकी रशीद ने कटघर थाना पुलिस को शिकायती पत्र सौपते हुए अज्ञात व्यक्ति द्वारा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है, वकी रशीद का कहना है कि उन्होंने हाल ही में अय्यूब राणा को पत्रकारिता के जगत में बेहतर कार्य करने और अमेरिका के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित होने पर सोशल मीडिया पर दी गई बधाई के बाद उन्हें अज्ञात व्यक्ति ने फोन पर धमकी देते हुए कहा है कि अगर उन्होंने अपनी पोस्ट नही हटाई तो उन्हें देख लिया जाएगा, वकी ने आगे बताया कि धमकी देने वाले व्यक्ति की भाषा से लग रहा था कि वो एक कॉम से नाराज है जिसके चलते उसने इस तरह की धमकी दी है। जिसकी शिकायत थाना कटघर पुलिस में कर दी है , और पुलिस से मांग की है कि आरोपी को जल्दी से गिरफ्तार किया जाए

# ऑपरेशन पाताल'' के तहत एक टॉप-10 अपराधी पवन उर्फ पवना गिरफ्तार



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर इरफान नासिर खान के नेतृत्व में अवैध शस्त्र तथा शस्त्र तस्करों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान 卐ऑपरेशन पाताल卐 के तहत थाना जलेसर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त पवन कुमार उर्फ पवना निवासी मुहल्ला ब्राम्हनपुरी को एक अवैध तमंचा व दो जिन्दा कारतूस 12 बोर सहित गिरफ्तार किया गया है, गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध मुअसं- 230/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुऐ जेल भेजा जा रहा है !

# शादी समारोह में रंग डालने को लेकर हुए विवाद तथा फायरिंग में एक महिला की मृत्यु प्रकरण में वांछित गिरफ्तार



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-विगत 11 जून को थाना जसरथपुर पर सूचना प्राप्त हुई कि जसरथपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम फर्दपुरा में रंग लगाने को लेकर हुए विवाद में एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। इस सूचना पर थाना जसरथपुर पर मुअसं- 56/22 धारा 147, 148, 149, 323, 504, 307, 302, 34 भादवि बनाम नीलेश आदि 5 नफर पंजीकृत किया गया। घटना को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी द्वारा उक्त घटना में फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थानाध्यक्ष जसरथपुर को निर्देशित किया गया। गत बुधवार को थाना जसरथपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त बोबी उर्फ विक्रान्त पुत्र संतराम निवासी ग्राम फर्दपुरा थाना जसरथपुर को अभियुक्त के दोस्त के मकान मो0 शम्भूनगर शिकोहाबाद से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुऐ जेल भेजा जा रहा है

# सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरूओं, एस-10 तथा डिजिटल वॉलंटियर्स के साथ की गई बैठक

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- कांवड़ यात्रा, बकरीद तथा जुमे की नमाज के दृष्टिगत एसएसपी द्वारा सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरूओं, एस-10 तथा डिजिटल वॉलंटियर्स के साथ की गई बैठक, गणमान्य नागरिकों के साथ किया गया पैदल मार्च गत मगंलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह द्वारा कांवड़ यात्रा,बकरीद, सावन मेला एवं जुम्मे की नमाज के दृष्टिगत थाना बागवाला पर सम्भ्रांत व्यक्ति एवं गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं, एस-10, डिजिटल वॉलेंटियर्स के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गयी। इस अवसर पर एसएसपी ने जनपद के अमन-चैन को बरकरार रखते हुए आगामी त्यौहारों को मनाने तथा सभी को आपस में प्रेम-सौहार्द बनाए रखने हेतु व अफवाहों पर ध्यान न देते हुए अफवाहों को फैलने से रोकने आदि के सम्बन्ध में आमजन को जागरूक करने हेतु अपील की गयी। बैठक के पश्चात एसएसपी द्वारा गणमान्य नागरिकों के साथ पैदल मार्च कर लोगों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया गया तथा दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने की हिदायत दी गई, इस दौरान एसएसपी द्वारा व्यापारिक प्रतिष्ठानों के स्वामियों को अपने अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए कहा गया।इस अवसर पर उमा नर्सिंग होम करतला चौराहा के एम.डी. डा. सुभाष शाक्य व डा. देवेन्द्र शाक्य सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे !

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास कार्यो की समीक्षा बैठक सम्पन्न

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेउट सभागार में मुख्यमंत्री जी विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आहूत की गयी, जिसमें जिलाधिकारी ने विद्युत, लोक निर्माण विभाग, सामुदायिक शौचालय, हैण्डपम्प रिवोर, आपरेशन कायाकल्प, सामुदायिक शौचालय, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, पेयजल मिशन, पेंशन, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम, कन्या सुमंगला योजना, सामाजिक वनीकरण, कौशल विकास, शादी अनुदान, प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना, आदि की समीक्षा करते हुये लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि एक-एक प्रोजेक्ट के बारे में विस्तार से समीक्षा करें तथा प्रभारी मंत्री एवं अपर मुख्य सचिव के दौरे के दृष्टिगत सभी व्यवस्थायें ठीक रहें, इसको सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने सामुदायिक शौचालय एवं पंचायत भवन के संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी से जानकारी ली तो बताया कि ठाकुरद्वारा के मदारपुरा ग्राम में जमीन न मिलने के कारण कार्य शुरु नही हो पाया है। जनपद के बाकी अन्य सभी ग्राम पंचायतों में कार्य प्रगति पर चल रहा है। मनरेगा में महिला द्वारा सृजित मानव दिवस का प्रतिशत कम होने



पर परियोजना निदेशक को महिला सृजित मानव दिवस को लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ति करने हेतु निर्देशित किया है। प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि 5 साल तक सड़क मेन्टीनेन्स की जिम्मेदारी ठेकेदार की होती है अतः जो सड़के खराब हो रही हैं अधिशासी अभियन्ता आरईएस उनका चिन्हाकंन कर सड़कों को दुरस्त करा दें। जिलाधिकारी ने कन्या सुमंगला योजना एवं महिला पेंशन की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकरियों को निर्देशित किया कि किसी भी स्तर पर आवेदन लम्बित न रहें। योजना का लाभ सही ढंग से पात्रों तक पहुंचायें। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला कार्यक्रम अधिकारी से कहा कि समन्वय बनाकर कार्य करें, ताकि पात्रों को लाभान्वित किया जा सके। आपरेशन कायाकल्प के अर्न्तगत 14 मानकों पर जनपद के स्कूलों की प्रगति 86.65 प्रतिशत होने पर जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को समीक्षा करते रहने के निर्देश दिए। स्वरोजगार योजना में कार्य प्रगति खराब होने पर जिलाधिकारी ने प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये हैं। श्रमयोगी मानधन योजना में संतोषजनक स्थिति न होने पर जिलाधिकारी ने डी0एल0सी0 को प्रगति बढ़ाने तथा ई-श्रम पोर्टल पर लक्ष्य के सापेक्ष श्रमिकों का रजिस्टेज्ञन कराने के निर्देश दिये हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री आनन्द वर्धन, जिला अर्थसंख्याधिकारी, परियोजना अधिकारी, सहित जिला विकास अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, सहित लोक निर्माण, पंचायतीराज, शिक्षा, समाज कल्याण, प्रोबेशन, उद्योग, पिछडा वर्ग कल्याण, कौशल विकास, खादीग्रामोद्योग विभागों के अधिकारी अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कार्यदायीं संस्थाओं के प्रबन्धक उपस्थित रहें।

# कलेक्टेट सभागार में अभियोजन कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेउट सभागार में अभियोजन कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक आहूत की गयी, जिसमें जिलाधिकारी ने सभी तरह के वादों की समीक्षा करते हुए अधिवक्ताओं से कहा कि और बेहतर परफार्मेन्स करने तथा केस डिस्पोजल पर विशेष ध्यान देने की जरुरत है। उन्होंने शासकीय अधिवक्ताओं से कहा कि वादों की प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को कडी सजा दिलायी जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि मा0 उच्च न्यायालय द्वारा भी महिला संबंधी अपराध एवं पाक्सों के मामलों को प्राथमिकता से लेने के निर्देश दिये हैं अतः मा0 न्यायालय के आदेश के अनुपालन में महिला संबंधी अपराध एवं पॉक्सों के मामलों को प्राथमिकता से लें। गवाहों की स्थिति बेहतर हों, इसके लिए विशेष प्रयास किए जाये। बैठक में अधिवक्ता ने बताया कि किसी प्रकार की कोई समस्या नही आ रही है, गवाहों की उपस्थिति में भी पुलिस का बेहतर सहयोग मिल रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि एसपी ग्रामीण द्वारा उठाया गया कदम सराहनीय है, हमें आपस में तालमेल कर और बेहतर रिजल्ट देना है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिस दिन गवाह आये उसी दिन गवाही भी हो जाये इसका विशेष ध्यान रखा जाये तथा ऐसे केस जो जजमेंट की कगार पर हैं उन पर विशेष ध्यान देकर प्रकरण का निस्तारण करायें तथा अपराधी को सजा दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभायें। उन्होंने कहा कि निरन्तर प्रयास से ही स्थिति बदलती है और आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन की तरफ से आपको अपेक्षित सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि गवाहों को होस्टाइल न होने दिया जाये। जिन वादों का डिस्पोजल हो रहा है उसमें सजाएं कम हो रही हैं। शुरु से केसों की मानीटरिंग की जाये और सजा दिलाने का हर संभव प्रयास किया जाये, जितना वादों का दायरा हो रहा है निस्तारण उससे अधिक होना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि किसी तरह की समस्या आ रही है तो अवगत कराये। बैठक में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण विद्यासागर मिश्र, अपर जिलाधिकारी नगर आलोक कुमार वर्मा, संयुक्त निदेशक अभियोजन ब्रजराज सिंह, डीजीसी क्रिमनल, शासकीय अधिवक्तागण एवं ए0डी0जी0सी0, एसपीओ, ए0पी0ओ0 आदि उपस्थित रहें।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# प्रतिभावान कलाकारों की खोज हेतु सांस्कृति प्रतिभा खोज का आयोजन जिला स्तर

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया है कि संस्कृति विभाग उ0प्र0 द्वारा अपनी विविध स्वायतशासी संस्थाओं के माध्यम से विभिन्न प्रदर्शनकारी कलाओं के संरक्षण एवं सम्बर्धन का कार्य निरन्तर किया जाता है। ऐसी प्रदर्शनकारी सांस्कृति विधाओं यथा लोक गायन, लोक नृत्य, लोक वादन आदिवासी नृत्य, आल्हा गायन, लोक नाट्य, भजन, ललित कला आदि के प्रतिभावान कलाकारों की खोज हेतु सांस्कृति प्रतिभा खोज का आयोजन जिला स्तर पर किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि आयोजन जिला स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। आयोजन का निर्णायक समिति जिलाधिकारी ने अध्यक्षता में गठित समिति होगी। आयोजन हेतु कलाकारों को प्रदर्शन के लिए कोई शुल्क देय नही होगा। निर्णायक मण्डल द्वारा कलाकारों की प्रस्तुती के आधार पर ए0बी0सी0 श्रेणी में पंजीकृत किया जायेगा, जोकि आकाशवाणी एवं दूरदर्शन की ग्रीडिंग के समान नही होगा। समस्त कलाकारों को अपने वाद्ययंत्र एवं संगतकर्ताओं के साथ आयोजन में भाग लेना होगा। प्रतिभागी कलाकारों द्वारा अयोजन स्थल पर उपलब्ध समन्वय अधिकारी से आवेदन पत्र प्राप्त करना भरना होगा। समस्त कलाकारों को पंजीकरण के आधार पर ही आगामी कार्यक्रमों एवं सरकारी आयोजनों में प्रस्तुतीकरण अवसर प्रदान किया जायेगा। आयोजन संबंधी समस्त जानकारी संस्कृति विभाग की वेबसाइट नचबनसजनतमणनचण्दपबण्पद पर प्राप्त की जा सकती है।

# रोडवेज बस स्टैंड परिसर में रोपे पौधे

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत गुरुवार को मुरादाबाद हाईवे पर मुंशीगंज स्थित रोडवेज बस स्टैड परिसर में व्यापार मंडल और वन विभाग के सहयोग से एसडीएम के नेतृत्व में नीम, पीपल आदि प्रजातियों के पौधे रोपकर परिसर को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया।

गुरुवार को ठाकुरद्वारा में मुंशीगंज स्थित रोडवेज बस स्टैड पर व्यापार मंडल और वन विभाग के नेतृत्व में एसडीएम परमानंद सिंह ने वृहद पौधरोपण अभियान के तहत बस स्टैंड परिसर में नीम,पीपल, अमरूद, पाकड़ बरगद समेत दो सौ से अधिक पौधे रोपे गए। इस दौरान व्यापार मंडल ने बस स्टैड परिसर को हरा भरा बनाने का भी संकल्प लिया। अभियान के दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव सिंघल मुख्तियार सैफी, समाजसेवी शिवेंद्र गुप्ता, वन दरोगा कपिल कुमार, कपिल देव आदि मौजूद रहे

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

संपादकीय Editorial

# Effect of inflation

The prices of cereals, non-oil and pulses and vegetables had already increased, now your food is going to be expensive once again due to LPG. The price of LPG cylinder has been increased by Rs 50. Its price has been increasing continuously since last one year. During this, its price has increased from Rs 834 to Rs 1053. That is, an increase of more than 26 percent. The way petrol prices are rising in the world market, partly due to the Russo-Ukraine war and partly due to the ongoing impact of the Kovid epidemic, it was bound to have an impact on the pockets of Indian consumers sooner or later. This period of inflation has also been called by some economists as imported inflation, that is, such inflation, the effect of which is less than domestic factors, more than the pressure of international market. It is also not that inflation is increasing only in India, it is increasing all over the world. Even though its percentage may not be so much in developed countries, but there it is breaking the records of the last several years. If we look at the neighboring countries of India, then rising inflation has reached the extent of creating political instability. Whether inflation is born in the domestic market or has come from across the seven seas, it breaks people's back in the same way. It is said that inflation is a tax imposed on the poor who cannot pay taxes. Its worst hit is only on the poor. It makes the food on the plate of other people expensive, but it reduces the food in the plate of the poor. Due to this the problems of the middle class also increase greatly. Amidst rising inflation, Axis My India conducted a survey of consumers in the month of June, and found that due to this, 59 percent of households had to cut their purchases. This trend of reduction was going on continuously for the last three months. During this time, many people also postponed the programs of going out on holidays or going out to eat in restaurants. Those who did not cut back on purchases had significantly increased their expenses. It was also found that the real income of the people has not yet reached the level where it was before the pandemic. Even during the Corona period, the income of some people has increased a lot, but it has not improved the condition of the whole society. The rapidly increasing number of billionaires in the country and the growing black money of Indians in Swiss banks are also troubling the poor. Inflation or inflation is not the only problem for India at this time. The condition of the world markets has not only lightened our pockets but our currency as well. The value of rupee against dollar is breaking all records at the moment. Since the US Federal Reserve has raised interest rates due to inflation, institutional foreign investors have started taking money out of India and investing in America, due to which our stock markets are also diving and the rupee too. The reasons for all this may be imported, but ultimately, any government has to deal with these problems at the domestic level. It is also the responsibility of the government to help those people, whose nutrition level is reduced by inflation. Just as the epidemic came from outside, we had to fight it domestically, we have to deal with inflation in the same way.

## There was a rumor about Bharti Singh's injury due to fall, comedian scolded those who gave fake news



Bharti Singh is very active on social media and keeps sharing everything with the fans. She gives fans every update from personal to professional life through social media. Now recently there was some fake news going on about Bharti that she has got hurt and because of this she is not able to get up from the bed. Now Bharti has given her reaction on these fake news and has told the whole truth by sharing the video. Along with this, Bharti has also lashed out at those spreading fake news. In the video, Bharti says, 'Hi friends, how are you, I am fine. A lot of fake news is coming that I got hurt. I can't get out of bed. I would like to tell the news channel giving such news that there is a lot of news like people are troubled by floods, Kovid is increasing, there is a lot of such news. I had a funny video in which I fell from the swing and then there is a photo of my pregnancy in which I am lying on the bed, adding it to the video and telling that I got hurt.' Bharti adds, 'I know If there are so many people who love me, then you must have got a lot of views on such news. But do not do this and those who sent me messages and asked my condition, let them know that I am fine. 'Soon will show the son's face - Bharti and Harsh revealed a few days ago that both of them will talk about their son in their upcoming YouTube blog. Will give a surprise to the fans. He told that both will show the face of the son. Actually, fans have been eager to see the face of Bharti and Harsh's son Lakshya for a long time. Although both of them kept it a secret till now. But now in the coming days, the fans will see the face of the son.

## Shahnaz Gill's bold avatar in a backless dress, fans said - 'fired'



Shehnaaz Gill, who is known as 'Katrina Kaif' of Punjab, when she came to Bigg Boss 13, everyone liked her flirtatious style and due to this style she is the heartbeat of millions of people today. Shahnaz is also very active on social media and collects a lot of limelight from her pictures and videos. Now once again he has shared a new video of his photo shoot, in which Shahnaz can be seen in a glamorous and bold style. Seeing this sizzling avatar of her, the fans are unable to take their eyes off their eyes and are seen tying bridges of praise. In the latest photoshoot video, Shahnaz Gill can be seen in a red backless Thai slit outfit. She has kept the look simple with light makeup keeping her hair open. In the video, he can be seen posing in a killer style. How much fans are liking his style can be gauged from the fact that in a few hours millions of likes have come on this video and fans are seen commenting one after the other. Seeing this sizzling look of Shehnaaz Gill, a user gave his response and wrote, 'Lang on fire'. On the other hand, another user wrote, 'Very beautiful, you deserve the best, keep shining like this. Similarly, another user is also seen praising Shahnaz. Talking about the work front, the actress will soon be seen in Salman Khan's film 'Kabhi Eid Kabhi Diwali'. Let us tell you that the news also came that the name of the film has been changed to 'Bhaijaan'. Currently, this film is ready for release in theaters on 30 December 2022. Apart from Shahnaz, Pooja Hegde, Raghav Juyal and Telugu actor Venkatesh Daggubati are also going to be seen in important roles in the film. The film is being directed by Farhad Samji.

# आगामी पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य के निर्देशानुसार अपर पुलिस अधीक्षक के0सी0 गोस्वामी द्वारा चौकी भंगहा परिसर में आगामी बकरीद त्यौहार व कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्र के ग्राम प्रधान, बीडीसी व अन्य संभ्रांत लोगों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गई। मीटिंग में उपस्थित सभी संभ्रांत लोगों से वार्तालाप कर समस्याओं के बारे में



जानकारी लेते हुए त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने व पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। साथ ही यह भी बताया गया कि क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति अराजकता फैलाने की कोशिश करें तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे। जिससे समय रहते कार्यवाही की जा सके।इस दौरान थानाध्यक्ष कोतवाली भिनगा जितेंद्र सिंह चौकी प्रभारी भंगहा राणा विशाल प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।इसी क्रम में समस्त थाना प्रभारियों द्वारा थाना क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की बैठक कर त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही साथ यह बताया गया कि यदि किसी अराजक तत्वों द्वारा माहौल बिगाड़ने की कोशिश की जाए तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# अन्त्योदय आयुष्मान पखवाड़ा हेतु बैठक सम्पन्न



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत अन्त्योदय आयुष्मान पखवाडा के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। जिसमें जनपद के ग्रामों में 05 जुलाई, 2022 से 20 जुलाई 2022 तक सभी पात्र अन्त्योदय कार्डधारक लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड ( गोल्डेन कार्ड ) बनाये जाने हेतु विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया है। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिया कि समस्त कोटेदारों के माध्यम से समस्त अन्त्योदय कार्ड धारकों का जिला पंचायत सहायकों/जन सेवा केन्द्रों के माध्यम से शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 शारदा प्रसाद तिवारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 उदयनाथ, जिला पंचायत राज अधिकारी आनन्द प्रकाश, जिला पूर्ति अधिकारी दीपक कुमार वार्ष्णेय, जिला कार्यक्रम समन्वयक आयुष्मान भारत डा0 पंकज यादव, जिला शिकायत प्रबन्धक आयुष्मान भारत मानवेन्द तिवारी, जिला सूचना प्रबन्धक आयुष्मान भारत गोविन्द शुक्ल सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# अधिकारियों, योग प्रशिक्षकों एवं कर्मचारियों को मिला सम्मान



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने जनपद में 8वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2022 के सफल आयोजन पर टीम में लगे अधिकारियों, योग प्रशिक्षकों एवं कर्मचारियों को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि टीम भावना के साथ कार्य करके कठिन से कठिन कार्य को सम्पादित किया जा सकता है। उन्होने योग दिवस के अवसर पर बेहतर कवरेज के लिए मीडिया बन्धुओं की भी सराहना की है। कार्यक्रम के दौरान जिला क्रीड़ाधिकारी शिवकुमार यादव, योग प्रशिक्षक अरुण कुमार, योग प्रशिक्षक राजकीय यूनानी चिकित्सालय श्रीनगर सागर गांव, कार्यस्थल संयुक्त जिला चिकित्सालय भिंगा शीला वर्मा, योग प्रशिक्षक राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय कटरा श्रावस्ती प्रवीण कुमार वर्मा, योग प्रशिक्षक राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय सेमरा अकबरपुर रंजीता सिंह, योग सहायिका राजकीय यूनानी चिकित्सालय श्रीनगर सागर गांव चंद्रकेश, योग सहायक राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय कटरा श्रावस्ती कुमारी अर्चना वर्मा, योग सहायक सेमरा अकबरपुर जगेसर सैनी, खो-खो कोच स्पोर्ट्स स्टेडियम भिनगा श्रावस्ती वेद प्रकाश, योग प्रशिक्षक बबलू कुमार कश्यप, योग प्रशिक्षक पतंजलि योग पीठ हरिद्वार आदि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# टूटे हुए परिवार का समझौता कराया गया

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री उदय



शंकर सिंह के निर्देशन में महिला थाना कैम्पस स्थित नारी उत्थान केंद्र भवन में संचालित परिवार परामर्श केंद्र एटा में आज दिनांक 07.07.2022 को एक टूटे हुए परिवार का समझौता कराया गया, मामला रचना देवी पुत्री नरेश चन्द्र निवासी गांव उरहना थाना सकीट एटा व उसके पति प्रथम चन्द्र पुत्र मान सिंह निवासी नगला मुही थाना कोतवाली देहात ज़िला एटा का है, शादी के बाद से ही काफी दिनों से पति पत्नी में आपसी विवाद चल रहा था जिसको लेकर परिवार परामर्श केंद्र में पत्रावली प्रचलित थी। आज दोनों को काफी अथक प्रयास कर समझौता कराकर एकसाथ रहने को राजी किया गया। आज की बैठक में महिला थाना प्रभारी नन्दिनी सिंह, काउंसलर अकरम खान, ब्रजवाला वशिष्ठ, गीता शर्मा, सचेन्द्र गुप्ता व पुलिस स्टाफ कांस्टेबल सुधा, गौरी, पूजा, धर्मवीर सिंह मौजूद रहे।

# शहर के निधौली रोड पर सीवर के गड्ढे में जा फंसी एंबुलेंस बड़ा हादसा होने से टला

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जनपद एटा से जहां निधौली रोड पर मोहल्ला हीरा नगर के समीप एंबुलेंस मरीज को लेकर एटा मेडिकल कॉलेज आ रही थी निधौली रोड पर सीवर कार्य चल रहा है तभी एंबुलेंस का पहिया सीवर के गड्ढे में जा फंसा बड़ा हादसा होने से टला हम आपको बता दें जेसीबी की कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला वही एंबुलेंस में बैठे मरीज को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है हम आपको बता दे पूरा मामला कोतवाली नगर क्षेत्र के अंतर्गत का है

# "ऑपरेशन पाताल" के तहत एक टॉप-10 अपराधी पवन उर्फ पवना अवैध असलहा कारतूस सहित गिरफ्तार




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- थाना जलेसर पुलिस को मिली सफलता, जलेसर पुलिस द्वारा ऑपरेशन पाताल के तहत एक टॉप-10 अपराधी पवन उर्फ पवना अवैध असलहा कारतूस सहित गिरफ्तार, अभियुक्त के विरुद्ध करीब तीन दर्जन आपराधिक मामले हैं दर्ज। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर श्री इरफान नासिर खान के नेतृत्व में अवैध शस्त्र तथा शस्त्र तस्करों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन पाताल के तहत थाना जलेसर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त पवन कुमार उर्फ पवना को एक अवैध तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस 12 बोर सहित गिरफ्तार किया गया है, गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध मुअसं- 230/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

# आगमन पर एटा में पौधे लगाएं



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-इंडियन शेख अब्बासी अल्पसंख्यक महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष सद्दीक अहमद अब्बासी जी के साथ इंडियन शेख अब्बासी अल्पसंख्यक जिला कमेटी के पदाधिकारियों ने उनके आगमन पर एटा में पौधे लगाएं साथ में उपस्थित जिला अध्यक्ष मोहम्मद इरफान वारसी।अब्दुल जब्बार वरिष्ठ उपाध्यक्ष जिला कमेटी मोहम्मद फरमान महासचिव जिला कमेटी इंडियन शेख अब्बासी यूथ ब्रिगेड महासभा जिला अध्यक्ष रियाज अब्बास

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# कानपुर डबल मर्डर: दो साल पहले इंस्टाग्राम पर कोमल से मिला था राहुल, फिर प्यार चढ़ा परवान

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

कानपुर में हुए डबल मर्डर में हर रोज नए-नए खुलासे सामने आ रहे हैं। माता-पिता की हत्या को लेकर गिरफ्तार बेटी ने पहले ही खुलासे कर दिए हैं। अब बेटी से पूछताछ में प्रेमी को लेकर भी खुलासे हो रहे हैं। गुरुवार को पुलिस पूछताछ में माता-पिता की हत्या करने वाली बेटी ने प्रेमी को लेकर चौंकाने वाला खुलासा किया है। पूछताछ में कोमल ने बताया उसकी राहुल से दो साल पहले एक पारिवारिक समारोह में मुलाकात हुई थी। इसके बाद राहुल ने इंस्टाग्राम पर प्रोफाइल सर्फ की। राहुल ने उसे इंस्टाग्राम पर ही रिक्वेस्ट भेजी थी जो उसने एक्सेप्ट कर ली थी। इसके बाद दोनों ने बातचीत के दौरान एक-दूसरे के नंबर शेयर किए थे। फिर दोनों की फोन पर बातचीत शुरू हो गई।

## जेल में नाराज दिखीं महिला बंदी

प्रेमी संग मिलकर माता-पिता की हत्या करने वाली बेटी कोमल का हरकतों से जेल में बंद महिला बंदियों में नाराजगी दिखी, लेकिन कोमल को अपने माता-पिता की हत्या करने का कोई भी मलाल नहीं है। महिलाओं के आइसोलेशन बैरक में रखी गई कोमल को लेकर महिला बंदी उसे ताने मार रहे हैं। कोमल को देखकर महिला बंदियों ने बेटियों को कोई गोद नहीं लेने के माने भी मारे। वहीं कोमल के प्रेमी राहुल को पुलिस ने गुरुवार को मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया, इसके बाद उसे जेल भेज दिया है। राहुल को पुलिस ने पुरुषों के आइसोलेशन बैरक में रखा है।

## बेटी ने डेढ़ महीने पहले माता-पिता की हत्या की बनाई थी साजिश



बेटी की बेहयाई के किस्से सुनकर पुलिस अधिकारियों के भी होश उड़ गए। बेटी ने माता-पिता की हत्या की साजिश करीब डेढ़ महीने पहले बनाई थी। आर्मी में तैनात प्रेमी ने भाई से हत्या करने को कहा था। दोनों सगे भाइयों से युवती के शारीरिक संबंध थे। कानपुर के बर्रा 2 यादव मार्केट के पास सोमवार देर रात फील्ड गन फैक्ट्री से सुपरवाइजर की पोस्ट से रिटायर्ड मुन्ना लाल गुप्ता ( 61 ) व उनकी पत्नी राज देवी ( 55 ) की गला रेत कर हत्या कर दी गई थी। घटना के समय घर में बेटा अनूप उत्तम ( 30 ) और बेटी ( 25 ) कोमल थी। पुलिस ने सीसीटीवी और मोबाइल कॉल डिटेल की पड़ताल से कुछ घंटे में ही वारदात का खुलासा करते हुए कोमल को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार होते ही कोमल टूट गई और सभी राज एक के बाद एक खोलते चली गई।

## क्या था प्लान ए

कोमल ने बताया कि प्लान ए में तय किया था कि तीनों को खाने-पीने की वस्तुओं में कीटनाशक मिलाकर पिला देगी। तीनों की मौत के बाद वह सारी संपत्ति की अकेली वारिस बचती। कोमल ने पुलिस को बताया कि उसका प्लान ए तब भी खराब होता दिख गया था जब भाई अनूप ने थोड़ा ही जूस पीया था।

## यह था प्लान बी

कोमल ने बताया कि उसे यह लगा कि जितना कीटनाशक उसने डाला है उससे यकीन था कि थोड़ी खुराक में भी तीनों मर जाते। उसके मुताबिक राजदेवी ने पूरा ग्लास जूस का पी लिया था। तब उसने रोहित को कॉल करके बुलाया। माता-पिता की हत्या के बाद उसने कहानी यह बनाने का प्रयास किया कि अनूप ने दोनों को मारा और खुद जहर खाकर जान दे दी मगर जब वह ऊपर गई और दरवाजा खटखटाया तो अंदर से अनूप की आवाज आई। उसका प्लान पूरी तरह फेल हो गया। तब उसने भाई को माता-पिता की मौत की जानकारी दी और उसके छोटे साले द्वारा घटना को अंजाम दिए जाने की बात बता दी।

सीडीआर ने खोली सच्चाई

पुलिस ने कोमल के दो दिन की कॉल डिटेल रिपोर्ट निकलवाई जिसमें पता चला कि दो दिन में 17 घंटे उसने रोहित से बात की। घटना के बाद कोमल ने ट्रूकॉलर डाटा, कॉल लॉग, व्हाट्सएप चैट और व्हाट्स एप कॉल का डाटा डिलीट कर दिया था मगर सीडीआर के जरिए पुलिस ने उससे सारी जानकारियां हासिल कर लीं।

# सूरजपुर में शिक्षक के बाइक की डिक्की से दो लाख की चोरी, सीसीटीवी कैमरा में चोर कैद,जांच में जुटी पुलिस



पप्पू जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर - इन दिनों अपराधियों के हौसले काफी बुलंद हैं, अभी 2 दिन पहले ही एक अपराधी ने चाकू से पुलिस पर जानलेवा हमला कर दिया था,

जिसको अभी तक पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई है, वही आज दिनदहाड़े दो आरोपियों ने एक शिक्षक की मोटरसाइकिल की डिक्की से दो लाख रुपये पार कर दिए,, इस घटना की सबसे बड़ी बात यह रही की दूरी कोतवाली से महज 200 मीटर दूर है,, वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है,, दरअसल रामानुजनगर इलाके के रहने वाले शिक्षक इसराइल खान आज दोपहर लगभग 1:00 बजे सूरजपुर के स्टेट बैंक से दो लाख रुपये निकालने के बाद कुछ सामान लेने के लिए शहर के मुख्य मार्ग पर स्थित एक फोटो कॉपी दुकान पर गए, लगभग 15 मिनट बाद जब वह लौट के आए तो उनके डिक्की टूटी हुई थी और उसमें से दो लाख रुपये गायब थे,, जिसके बाद उन्होंने इसकी जानकारी कोतवाली थाने में दी, जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है,, पुलिस के हाथ सीसीटीवी कैमरा लगा है, जिसके आधार पर पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी,

# कलेक्टर ने लिया वैक्सीनेशन की व्यवस्था का जायजा, पात्र लोगों को दिए वैक्सीनेशन के निर्देश

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- जिले में कोविड-19 टीकाकरण महाअभियान में सभी ब्लाको एवं दूरस्थ क्षेत्र स्थित गांव तथा नगरीय क्षेत्र में पात्र हितग्राहियों को कोरोना संक्रमण से बचने एवं रोकथाम के लिए वैक्सीनेशन टीम द्वारा वैक्सीन का पहला एवं दूसरा डोज तथा प्रिकोशन बूस्टर डोज खेती किसानी के समय एवं बारिश के मौसम में किसानों के खेतों में होने के कारण वैक्सीनेशन दल खेतों, पेड़ के छांव में एवं डोर टू डोर पहुंचकर वैक्सीनेशन की जानकारी देकर पात्र लोगों को कोरोना का टीका लगा रहे है। आज महाभियान में शाम 4 बजे तक 6071 हितग्राहियों ने वैक्सीन लगाया। कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम ने दौरा कर वैक्सीनेशन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा शेष पात्र लोगों को टीकाकरण की जानकारी देकर वैकिसन लगाने निर्देशित किया। गौरतलब है की वैश्वीक महामारी कोविड-19 से बचाव हेतु सूरजपुर जिले में टीकाकरण का महाअभियान चलाया जा रहा है। यह महाअभियान जिले के समस्त ग्राम पंचायत, शहरी क्षेत्रों एवं स्कूलों में 6 व 7 जुलाई को आयोजित किया गया। शत प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य हासिल करने यह महाअभियान चलाया जा रहा है, अब तक छूटे हुए समस्त लाभार्थियों का टीकाकरण किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा पात्र हितग्राहियों को शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन के लिए जिला नोडल अधिकारी, ब्लॉक नोडल अधिकारी व क्लस्टर समन्वयक नियुक्त किए गए है। कोविड-19 टीकाकरण महाअभियान में 7 जुलाई को पहला डोज 450 एवं दूसरा डोज 3926, प्रीकोशन डोज 1695 कुल 6071 पात्र लोगों को वैक्सिन लगाया

# जिले में अब तक 184.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- सूरजपुर जिले में 1 जून से 7 जुलाई तक सभी तहसीलों में 184.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार 1 जून से 7 जुलाई 2022 तक तहसील प्रतापपुर में 156.3, सूरजपुर 208.2, ओड़गी 278.2, भैयाथान 219.7, रामानुजनगर 185.4, प्रेमनगर 176.6, लटोरी 137.9 एवं बिहारपुर 111.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। 24 घंटे के दौरान जिले में अधिकतम वर्षा भैयाथान ब्लाक मे 24.2 मिमी एवं न्यूनतम वर्षा रामानुजनगर ब्लाक में 1.2 मिमी दर्ज की गई है इस प्रकार कुल मिलकार जिले में 106.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# शिक्षकों पर शिक्षा विभाग ने की कड़ी कार्रवाई

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-/07 जुलाई 2022/ कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा के निर्देशानुसार एवं पिछले दिनों जिला शिक्षा अधिकारी श्री विनोद कुमार राय के निरीक्षण किया था, जिसमें 17 शिक्षक अनुपस्थित पाये गये थे। जिनको कारण बताओ नोटिस जारी किया था। कारण संतोषजनक एवं समय पर प्रस्तुत नहीं होने के कारण विकासखण्ड सूरजपुर के 10 कर्मचारियों को स्पष्टीकरण, 2 कर्मचारियों का अवैतनिक एवं 4 कर्मचारियों का वेतन रोका गया। इसी क्रम में भैयाथान विकासखण्ड में 9 कर्मचारियों को स्पष्टीकरण व 1 का वेतन रोका गया। विकासखण्ड ओड़गी में 3 कर्मचारियों को स्पष्टीकरण व 1 कर्मचारी का वेतन रोका गया। विकासखण्ड प्रतापपुर में 14 को स्पष्टीकरण, 2 अवैतनिक, 1 कर्मचारी का वेतन रोका गया। विकासखण्ड प्रेमनगर में 14 कर्मचारियों को स्पष्टीकरण, 2 को अवैतनिक तथा 3 कर्मचारियों वेतन रोका गया।